उ0प्र0 विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री अनूप कुमार गुप्ता, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0-19 का उत्तर।

---

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 19 (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र, पत्रांक संख्या 153/बी० जे०पी०यू०पी०/2024 दिनांक 24.07.2024 जो कि प्रमुख सचिव मुख्य मंत्री, उ०प्र० शासन को जनपद-लखनऊ के ग्राम सभा-बिजनौर, तह०-सरोजनी नगर के अन्तर्गत सरकारी भूमि के खसरा संख्या-309, 315स, 316स, 331 खेल का मैदान, खसरा संख्या-527 विद्यालय भूमि, व खसरा संख्या-222, 223, 224, 225, 237 व 240 पर किये गये/ किये जा रहे अवैध कब्जे से मुक्त कराये जाने के सम्बन्ध में प्रेषित था, प्राप्त हुआ है, व पत्र के मुख्य बिन्दु क्या थे ? | जी हां।<br>पत्र का मुख्य बिन्दु ग्राम सभा बिजनौर तहसील सरोजनीनगर स्थित तालाब गाटे की भूमि खसरा सं0-309, 315स, 316स, 331 खेल का मैदान खसरा सं0-527 तथा सीनियर विद्यालय बिजनौर की खसरा सं0-222, 223, 224, 225, 237, 240स व अन्य सभी को अवैध कब्जे से मुक्त कराते हुए चिन्हांकन कराये जाने से संबंधित था। |
| (ख) क्या उपरोक्त भूमि से अवैध कब्जा हटवा दिये गये है ? | ग्राम बिजनौर की भूमि गाटा सं० 223/0.215हे0, 224/0.2530 हे0, 225/0.2280हे0, 237/0.0380हे0 व 240/1.7700हे0 पर सीनियर विद्यालय, बिजनौर का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। जो कि मौके पर रिक्त है।<br>गाटा सं० 309/0.1010 हे0 तालाब की भूमि है जिस पर 0.0380हे० पर अतिक्रमण, शेष भूमि रिक्त है।<br>गाटा सं0 315स/0.613हे0 तालाब की भूमि है जिस पर 0.253हे0 पर अतिक्रमण, शेष समतल व तालाब है।<br>गाटा सं0 316स/0.096हे० तालाब की भूमि है जो समतल के रूप में रिक्त है।<br>गाटा सं0 331/0.531 हे0 तालाब की भूमि है जिस पर 0.1260हे0 पर अतिक्रमण, शेष भूमि रिक्त है।<br>गाटा सं० 527 मि/0.3790हे० खेल का मैदान के नाम दर्ज अभिलेख है जिस पर तहसील सरोजनी नगर, लखनऊ की |

| | |
|---|---|
| | राजस्व एवं नगर निगम लखनऊ की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 20.12.2024 को अतिक्रमण हटाया जा चुका है। |
| | गाटा सं0 527 मि/0.621 हे0 ऊसर की भूमि है जिस पर तहसील सरोजनी नगर, लखनऊ की राजस्व एवं नगर निगम लखनऊ की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 20.12.2024 को अतिक्रमण हटाया जा चुका है। |
| | गाटा सं0 309/0.1010हे0, 315स/0.613हे0, 316स/0.096हे0 व 331/0.531हे0 पर स्थायी अतिक्रमण के विरूद्ध उ0प्र0 राजस्व संहिता, 2006 के अन्तर्गत बेदखली हेतु धारा-67 की कार्यवाही की गयी है। |
| (ग) यदि हाँ, तो कब ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो सरकार कब तक अवैध कब्जा हटवायेंगी ? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री।